मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-110
31/03/2022

मुख्यमंत्री ने बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को दी बधाई एवं शुभकामनायें

पटना, 31 मार्च 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल होने वाले तमाम विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस बार 16 लाख 11 हजार 99 छात्रों ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी। परीक्षा में 79.88 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं शिक्षा विभाग ने महज 34 दिनों के रिकार्ड समय में परीक्षा का परिणाम प्रकाशित किया इसके लिये वे भी बधाई के पात्र हैं। समय पर रिजल्ट के प्रकाशन से छात्र–छात्राओं को आगे की कक्षाओं में नामांकन के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इससे उनका हौसला बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार टॉप–5 सफल विद्यार्थियों में चार लड़कियों ने बाजी मारी है। यह महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है। लड़कियों के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वो हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं।

******